हैरियट और वाल्ट



नैन्सी कार्लसन


हिंदी: जलज शर्मा



हैरियट और वाल्ट

नैन्सी कार्लसन

हिंदी: जलज शर्मा



गेल के लिए: नॉर्वे में बिताई सर्दियों की याद में





"बढ़िया," हैरियेट चिल्लाई! "कल पूरी रात शायद बर्फ पड़ती रही है।”

"आज मैं पूरा दिन बाहर ही खेलूंगी।"




"वाल्ट को नहीं भूलना," मां बोली।

"ओह मां," हैरियट ने उत्तर दिया।



मां बोली, "हैरियट, तुम अपने छोटे भाई को साथ लेकर जा रही हो, और यह तय है।"




"अच्छा, ठीक है," हैरियट खिसिया कर बोली। "आओ वाल्ट।"



"मैं इस बर्फ के ढेर में एक बढ़िया सुरंग बनाने वाली हूं," हैरियट ने वाल्ट से कहा। और वह वाकई एक बढ़िया सुरंग थी ...



लेकिन वाल्ट ऊपर से उसमें जा गिरा। "तुम एकदम बेकार हो," हैरियट ने हंस कर कहा।



"चलो, अब मैं बर्फ पर एक स्नोमैन बनाती हूं," हैरियट ने कहा। "वाल्ट देखो, यह आसान है, तुम भी कोशिश करो।"




और वाल्ट ने कोशिश की। "अरे ऐसे नहीं, वाल्ट। अपनी पीठ के बल लेटो," हैरियट बोली। "अरे भाई, तुम कितने बुद्धु हो।



"देखो, अब यह तुमने ही कहा है," हैरियट के मित्र जार्ज ने कहा। "आओ हैरियट हम पकड़ा-पकड़ी खेलते हैं पर वाल्ट नहीं, वह अभी बहुत छोटा है।"



हैरियट ने कहा, "सुनो वाल्ट, तुम यहां खम्भे के पास खड़े हो जाओ और यहां से हिलना मत। और जो भी करना, अपनी जीभ खम्भे से नहीं लगाना।"




वाल्ट चुपचाप खम्भे के पास खड़ा हो गया। पर कुछ समय के बाद उसकी उत्सुकता जाग उठी।



"आह" वाल्ट दर्द से चिल्लाया। "ओ भाई," जार्ज बोला, "वाल्ट दुनिया का सबसे बेवकूफ छोटा भाई है। चलो हैरियट हम स्नोमैन बनाते हैं।"



"वाह," जार्ज खुशी से चिल्लाया, "यह दुनिया का सबसे सुंदर स्नोमैन होगा।" और शायद होता भी....



.... पर वाल्ट ने उसे तोड़ दिया।



"वाल्ट, तुममें जरा भी दिमाग नहीं है," जार्ज ने कहा। "वह तो केवल हमारी मदद करने का प्रयास कर रहा था," हैरियट बोली।



"छोड़ो इसे, हम चल कर बर्फ पर फिसलते हैं,
वाल्ट उसे नहीं बिगाड़ सकेगा," जार्ज बोला।



और वह सब चोटी की ओर बढ़ने लगे।
वाल्ट को उपर चढ़ने में काफी समय लगा।



जब वाल्ट ने नीचे उतरना शुरू किया तब तक हैरियट और जार्ज नीचे पहुंच चुके थे। "हे भगवान, मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा है," हैरियट ने कहा।




"भई, यह तो एकदम कम दिमाग है," जार्ज बोला। "क्या यह कुछ भी ठीक से नहीं कर सकता?"




"जार्ज, उसकी कोई ग़लती नही है, बस वह
इन सबके लिए बहुत छोटा है।"
"वह एकदम बेवकूफ है," जार्ज ने कहा।



"चलो वाल्ट, हम घर चलते हैं,"
हैरियट ने कहा।



रास्ते में हैरियट ने वाल्ट को बर्फ
पर स्नोमैन बनाना सिखाया।




फिर उसने स्नोमैन बनाने
में वाल्ट की मदद की।



उसके बाद वह और वाल्ट हैरियट के गत्ते के बोर्ड पर फिसलकर पहाड़ी से नीचे उतरे।




जब वह घर पहुंचे तो रात के खाने का समय हो गया था।



मां ने पूछा, "अच्छा बताओ, क्या
तुमने एक बढ़िया दिन बिताया?"



हैरियट बोली, "हां, जब हमने उस बेवकूफ
जार्ज से छुटकारा पा लिया, है ना वाल्ट?"



पर वाल्ट तब तक गहरी नींद में था चुका था।